खबर संक्षेप

## 26 अप्रैल को होगी बच्चों की निःशुल्क हृदय जाँच

**शहडोल।** श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ द्वारा शहडोल में 26 अप्रैल को शासकीय जिला अस्पताल में बच्चों में जन्मजात हृदय रोग संबंधी जाँच की जाएगी, जहाँ आमजन आकर अपने बच्चों की जाँच करा सकते हैं। एसईसीएल के सीएसआर कार्यक्रम धडक़न एवं आर.बी.एस.के जिला स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान अन्तर्गत जिला प्रशासन के सहयोग से ऐसे बच्चे जिन्हें साँस लेने में परेशानी, वजन ना बढऩा, बार बार सर्दी -ख़ासी या निमोनिया होना, स्तनपान के समय पसीना आना, तेज धडक़न, शरीर का नीलापन संबंधित लक्षण है, उनकी पूर्णतः निःशुल्क परीक्षण एवं जांच की जाएगी एवं जन्मजात हृदय रोग चिह्नांकित बच्चों की सर्जरी एस.इ.सी.एल. के द्वारा रायपुर के श्री सत्य साई संजीवनी हॉस्पिटल में पूर्णतः निःशुल्क की जाएगी।

## विधायक ने फसल अवशेष न जलाने प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी



**शहडोल।** फसल अवशेष न जलाने हेतु लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने विधायक कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि आर.पी. झारिया, सहायक कृषि यंत्री रितेश पयासी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थें। प्रचार वाहन के माध्यम से लोगो को नरवाई प्रबंधक के उपाय जैसे किसान भाई कम्बाईन हार्वेस्टर के साथ अनिवार्य रूप से स्ट्रा मेनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) अथवा भूसा मशीन (स्ट्रा रीपर) का प्रयोग करें, जिससे नरवाई जलेगी नहीं, जीवांश खाद में बदलेगी, नरवाई के समुचित प्रबंधन के लिए किसान भाई भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा विकसित पूसा डिकम्पोजर का प्रयोग करें, नरवाई युक्त, खेत में जायद फसल बीने हेतु हेप्पी सीडर से सीधी बुआई करें अथवा रोटावेटर चलाकर सामान्य सीड ड्रिल से बुआई कर सकते हैं, नरवाई प्रबंधन में सहायक अन्य कृषि यंत्र जैसे मल्चर, रीपर कम्बाईडर, सुपर सीडर, आदि का उपयोग करने एवं नरवाई में आग लगाने से होने वाले नुकसान संबंधित जानकारिया प्रदान की जाएगी।

## रेत माफियाओं का आतंकः ठेकेदारों पर दिनदहाड़े हमला

**शहडोल।** जिले में रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं, अब वे दिनदहाड़े शासकीय ठेकेदारों पर हमला करने से भी नहीं डर रहे। सोहागपुर थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर फ्लाईओवर के पास रेत माफियाओं ने सहकार ग्लोबल के जनरल मैनेजर सहित अन्य कर्मचारियों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में दो गाडिय़ों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि घटना थाना क्षेत्र के बेहद करीब हुई, लेकिन पुलिस अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सकी है। इससे अपराधियों के बढ़ते मनोबल और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि शहर में ऐसी स्थिति है, तो ग्रामीण इलाकों में अपराध का क्या हाल होगा, इसका अंदाज़ा लगाया जा सकता है। स्थानीय लोग प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## रेत माफियाओं का आतंकः ठेकेदारों पर दिनदहाड़े हमला

**शहडोल।** जिले में रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं, अब वे दिनदहाड़े शासकीय ठेकेदारों पर हमला करने से भी नहीं डर रहे। सोहागपुर थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर फ्लाईओवर के पास रेत माफियाओं ने सहकार ग्लोबल के जनरल मैनेजर सहित अन्य कर्मचारियों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में दो गाडिय़ों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि घटना थाना क्षेत्र के बेहद करीब हुई, लेकिन पुलिस अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सकी है।

### निपनिया में फिर शुरू हुआ अवैध प्लाटिंग का खेल

# ठण्डे बस्ते में एंटी भू-माफिया मुहिम

## कृषि भूमि पर मनमाफिक मुरूम डाल कर प्लाट तैयार

**शहडोल।** भू-माफिया अवैध प्लाटिंग का खेल खुलेआम खेल रहे हैं। किसानों की जमीन को पहले औने-पौने दामों में खरीद लेते हैं। फिर नियम विरुद्ध बिना नक्शा व आवासीय प्लाट दर्ज कराए प्रति प्लाट लाखों रुपये में बेचते हैं। इस प्लाटिंग के खेल में रजिस्ट्री कार्यालय के अधिकारी भी शामिल हैं, लेकिन आगे इसका खामियाजा भू-खंड खरीदने वाले लोगों को भी भुगतना पड़ेगा, यह तय है। तीन वर्ष पूर्व प्रदेश सरकार की एंटी माफिया मुहिम शुरू हुई थी, लेकिन संभाग में वास्तविक भू-माफिया अभी भी कार्रवाई के दायरे से बाहर हैं। इसकी वजह है जमीनी स्तर से लेकर राजस्व विभाग में काम करने वालो से सांठ-गांठ कर माफिया ने कृषि भू-खण्ड के टुकड़े-टुकड़े कर दिये, माफियाओं की शिकायतें भी समय-समय पर हुई, सोशल मीडिया, मीडिया के माध्यम से भी राजस्व सहित जिला प्रशासन के संज्ञान में मामला लाया गया, लेकिन तहसीलदार-एसडीएम के स्तर पर कार्रवाई न होने से भू-माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि वह अब संभागीय मुख्यालय से सटे क्षेत्रों में खुलेआम कृषि भूमि पर प्लाटिंग कर रहे है, खुली आंख से राजस्व अमला अवैध प्लाटिंग के कारोबार को देख रहा है, इससे साफ जाहिर होता है कि भू-माफिया पर सरकारी अफसर मेहरबान हैं।




### नियम विरूद्ध हो रही बिक्री

शहर से सटे इलाको में तेजी से बन रही अवैध कालोनियों विकसित हो रही है, भू-माफिया लोगों कृषि भू-खण्ड पर प्लाट काट कर नियम विरूद्ध तरीके से बेच रे हैं, इस पूरे अवैध कारोबार को उपपंजीयक कार्यालय से अमली जामा पहनाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर वैध कालोनियों में कॉलोनाइजर को तय किए गए मानकों के अनुसार विकास करना होता है। इसमें चौड़ी सडक़े, पानी और विद्युत व्यवस्था आदि के कारण कुल क्षेत्रफल का 50 फीसदी हिस्सा विकास कार्यो के लिए छोडऩा पड़ता है। शेष 50 फीसदी जमीन पर कालोनी विकसित की जाती है, जबकि अवैध प्लाटिंग के कारोबार में लगे भू-माफिया कृषि भूमि पर मनमाफिक मुरूम के डालकर रोड निकाली जाती है, अवैध प्लाटिंग में न तो पार्क की व्यवस्था होती है और न ही खुलापन, इस कारण भू-माफिया कुल क्षेत्रफल का 80 फीसदी हिस्से पर प्लॉट काटकर बेच लेता है, जिससे मुनाफा कई गुना बढ़ जाता है।



### विकसित हो रही अवैध कालोनी

अवैध प्लाटिंग में बड़े पैमाने पर सरकार को बड़ा नुकसान हो रहा है। छोटे प्लाट की रजिस्ट्री में मिलने वाली छूट का पूरा फायदा भू-माफिया उठा रहे हैं। यही स्थिति रही तो आने वाले वर्षों में शहर और आस-पास 50 से ज्यादा अवैध कॉलोनियां विकसित हो जायेंगी, कई अवैध प्लाटिंग में राजस्व विभाग के अधिकारियों की पार्टनरशिप है। अवैध प्लाटिंग में जिला प्रशासन के आलाधिकारियों के भी प्लाट होने की बाद भू-माफियाओं द्वारा की जा रही है। वहीं दूसरी ओर अवैध प्लाटिंग का पूरा मामला कलेक्टर कार्यालय में धूल खा रहा है, निपनिया के खसरा नंबर 56 में प्लाटिंग की तैयारी कर ली गई है,राजस्व विभाग से जुड़े जानकारों की माने तो, अवैध प्लाटिंग का पूरा खेल रजिस्ट्रार कार्यालय से ही खेला जा रहा है।

### तो लगेगा भू-स्वामियों पर रासुका

अवैध कालोनियों को वैध करने की घोषणा शिवराज सरकार में हुई थी, लेकिन मोहन सरकार इस मामले का नए सिरे से निराकरण करने की तैयारी कर रही है, अवैध कालोनियों को वैध करने के बजाय नया कानून लाकर संबंधित अवैध प्लाटिंग करने वाले भू-स्वामियों पर रासुका लगाई जायेगी। ग्राम पंचायत निपनिया में विनोद मास्टर धनपुरी, बुढ़ार के अमित और गोविंद एवं शहडोल के नारायण और नकल शाखा के गुप्ता जी का भांजा अवैध प्लाटिंग के खेल में शामिल है। इस इलाके में अवैध कालोनी बनी है या बनेगी, वहां के राजस्व अधिकारियों पर भी सीधे कार्यवाही होगी। नए कानून का मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, नगरीय प्रशासन मंत्रालय के प्रमुख सचिव को ही इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### टुकड़े में बिक रही कृषि भूमि

संभागीय मुख्यालय से सटे ग्रामीण क्षेत्र में जहां-जहां अवैध कालोनियां बसी है, इनमें ज्यादातर में बिजली, पानी, सडक़ और ड्रेनेज जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं है। इन अवैध कालोनियों में ज्यादातर ऐसी हैं, जिनमें लोग सस्ते प्लॉट के चक्कर में ठगे गए हैं। निपनिया सहित अन्य क्षेत्रों में एक ही खसरा नंबर की जमीन के कई टुकड़े कर भू-माफियाओं द्वारा बेची जा रही है। कृषि भूमि के टुकड़े-टुकड़े में रजिस्ट्री किए जाने पर शासन को नुकसान हो रहा है, इस पूरे खेल में रजिस्टार कार्यालय की भूमिका अहम है, जहां खुलेआम कायदों के विपरीत भू-खण्ड के टुकड़े किये जा रहे हैं। बीते माहों में तत्कालीन कलेक्टर ने आदेश के बाद अवैध प्लाटिंग के मामले सामने आये थे, लेकिन मामला ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया।

# ट्रैक्टर पलटने चालक की मौत, दो गंभीर घायल

**शहडोल।** जिले के सीधी थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर के पलटने से चालक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा तडक़े करीब चार बजे हुआ, जब ट्रैक्टर बनसुकली से भूसा खाली कर सीधी लौट रहा था। घटना के बाद स्थानीय राहगीरों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। सीधी थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर अचानक सडक़ पर पलट गया। हादसे में चालक सुनील सिंह गोंड (25) निवासी दादर ट्रैक्टर के नीचे दब गए थे। टीम ने घटनास्थल पर पहुंचने के बाद चालक के शव को इंजन के नीचे से बाहर निकाला। वहीं, दो घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे परिजनों में मातम छा गया। चालक के पिता छपन सिंह ने बताया कि हमने कभी नहीं सोचा था कि हमारा बेटा इस तरह हमें छोडक़र चला जाएगा। पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर सीधी के दादर गांव का है। चालक सुनील ही वाहन का मालिक था, जो अपने दो अन्य साथियों के साथ बनसुकली से भूसा अनलोड कर वापस गांव लौट रहा था। इस दौरान सीधी-ब्यौहारी मार्ग पर हादसा हो गया। अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर सडक़ के बीचों-बीच पलट गया। इंजन के नीचे दबे रहने से चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस और एंबुलेंस को दी, तो 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं, पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से चालक के शव को इंजन से बाहर निकालकर पीएम के लिए। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## बाल विवाह रोकने कलेक्टर ने गठित किए उडऩदस्ता दल

**शहडोल।** अक्षय तृतीया पर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में विवाह संपन्न होते हैं। कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने बाल विवाह रोकने के लिए मैदानी अमले को सजग एवं सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा बाल विवाह रोकने के लिए उडऩदस्ता दलों का भी गठन किया गया है। जिसमें संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सीईओ जनपद पंचायत तथा परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास को तहसील स्तर के लिए शामिल किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री मनोज लारोकर ने बताया कि जिले के ग्रामीण अंचलों में विभिन्न विवाह मुहूर्तों एवं पर्वों यथा 30 अप्रैल 2025 को अक्षय तृतीय पर्व है, जिसमें बाल-विवाह होने की संभावना रहती है।

## विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर कार्यशाला का किया गया आयोजन

**शहडोल।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के प्रशिक्षण केन्द्र आईपीपी 06 कक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि विश्व मलेरिया दिवस का मुख्य उद्देश्य मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु प्रभावी क्रियान्वयन, जन-जागरूता विभिन्न स्तरों पर आयोजित कर लोगों को मलेरिया रोग के प्रति जागरूक करना है। उन्होनें कहा कि सतर्कता ही बचाव है इसके लिए हमे प्रचार-प्रसार के साथ-साथ अन्य सहयोगी विभाग जैसे महिला बाल विकास, पंचायत, ग्रामीण एवं शहरी विकास, नगरीय प्रशासन वन विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग आदि से समन्वय स्थापित कर मलेरिया उन्मूलन हेतु मिलकर प्रयास करना होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा की प्रचार-प्रसार के लिए माइकिंग, पम्पलेट्स, नाराअंकन, तथा सोशल मीडिया एवं स्थानीय चैनलो तथा समाचार पत्रों द्वारा सघन प्रचार-प्रसार किया जाये। आरोग्य केन्द्रों में आयोजित व्ही.एच.एन.डी. की बठकों में मलेरिया, गर्मी के मौसम में लू से बचाव के बारे में लोगो को समझाईस दी जायें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि स्कूल एवं महाविद्यालयों में भी विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए क्वीज कम्पीटीशन, पोस्टर निर्माण तथा रैली का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जायें। कार्यषाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सीएमएचओ ने सम्मानित भी किया। इस अवसर डीटीओ डॉ. वाई के पासवान, शिक्षा विभाग के जे.पी.गुप्ता, जनजातीय कार्य विभाग के राजेंद्र तिवारी, जिला मलेरिया अधिकारी एच.पी.नामदेव सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित था।



## पहलगांव में हिंदू पर्यटकों की नृशंस हत्या के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**शहडोल।** पहलगांव में हिंदू पर्यटकों की धार्मिक पहचान पूछ के की गई नृशंस हत्या के विरोध में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद् राष्ट्रीय बजरंग दल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपते हुए 6 सूत्रीय मांग की है और कहा है कि जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगांव में हाल ही में हुई घटना, जिसमें आतंकवादियों ने हिन्दू पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर उनकी निर्दयता पूर्वक हत्या कर दी, यह नियोजित घटना पूरे राष्ट्र को स्तब्ध एवं आक्रोशित कर देने वाली है। यह न केवल एक आतंकवादी हमला है, अपितु यह भारत के बहुसंख्यक समाज की धार्मिक स्वतंत्रता, पहचान और गरिमा पर सीधा आघात है। आपके नेतृत्व में देश ने आतंकवाद के विरुद्ध साहसिक कदम उठाए हैं, किंतु इस प्रकार की घटनाएं दर्शाती हैं कि अब भी हिंदू समाज के प्रति दुर्भावना रखने वाले तत्व सक्रिय हैं, जो हमारे देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक सद्भाव को बाधित करने का षड्यंत्र कर रहे हैं। संगठन ने मांग की है कि उक्त घटना में शामिल सभी आतंकवादियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोरतम दंड (मृत्युदंड) दिया जाए। जम्मू-कश्मीर में हिंदू यात्रियों व पर्यटकों की सुरक्षा के लिए स्थायी व प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मृतकों के परिवारों को उचित आर्थिक सहायता एवं एक परिजन को सरकारी सेवा प्रदान की जाए। समस्त धार्मिक स्थलों और यात्राओं की सुरक्षा के लिए एकीकृत राष्ट्रीय सुरक्षा नीति बनाई जाए। धार्मिक आधार पर की गई किसी भी हिंसा को राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में लाकर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। देश में एक लाख मदरसे आतंकवाद की ट्रेनिंग दे रहे हैं, उन पर अविलंब प्रतिबंध लगना चाहिए। संघ ने कहा कि यह घटना न केवल पीड़ित परिवारों की पीड़ा है, बल्कि पूरे हिंदू समाज की आत्मा को आहत करने वाली है। इस विषय को राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सामाजिक न्याय से जोड़ते हुए त्वरित और कठोर कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में कोई भी आतंकी तत्व भारत भूमि पर इस प्रकार की कायरतापूर्ण हरकत करने का साहस न कर सके। ज्ञापन सौंपते समय अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद् से एडवोकेट रमेश त्रिपाठी, शक्ति सिंह चंदेल,आर के सिंह गहरवार, देवेन्द्र कुमार अनुरागी,सुनील कुमार मिश्रा, अश्विनी पाण्डेय,एड.भानु प्रताप नापित, राष्ट्रीय बजरंग दल से अनिरुद्ध प्रताप सिंह, सुभाष जायसवाल, विकास सचदेवा, रोहित पाण्डेय, शुभम सिंह, एड.सुयश पाण्डेय,शिवकुमार, अविनाश कोरी, प्रवेश वर्मा, अविनाश सिंह तोमर उपस्थित रहे।



## लोकायुक्त की कार्रवाई, दो योजनाओं में मांगा था 33500 रुपए

# 10 हजार की रिश्वत लेते रोजगार सहायक पकड़ाया

**शहडोल। ग्रामपंचायतों के अंदर पनपने वाला भ्रष्टाचार जब अनियंत्रित हो गया तो उसका रेला सरेआम सडक़ों पर बहता नजर आने लगा। प्रशासनिक अधिकारियों ने इसे रोकने की बजाय प्रश्रय भी खूब दिया। नतीया यह हुआ कि सरकारी योजनाओं की राशि तो जमकर डकारी ही गई, निरीह हितग्राहियों से खुलेआम घूंस भी मांगी जाने लगी। पंचायतें आर्थिक अराजकता का अड्डा बन चुकीं हैं। इसकी कलई यदा कदा जब खुलती है तो भ्रष्टाचार का एक कुष्ठग्रसित चेहरा उजागर होता है और लोग घृणा से भर उठते हैं। भ्रष्टाचार की दौड़ में जयसिंहनगर जनपद शायद जिले में सबसे आगे है, इसके छूदा पंचायत में कार्यरत ग्राम रोजगार सहायक की कारस्तानी को लोकायुक्त रीवा संभाग की टीम ने शुक्रवार को बेनकाब कर यह असलियत दिखा दी कि पंचायतों के अंदर क्या चल रहा है, जो यहां के बड़े अफसरों को कभी दिखाई नहीं पड़ता। रोजगार सहायक द्वारा एक हितग्राही से निरंतर रिश्वत की मांग की जा रही थी जिससे वह त्रस्त था और उसने लोकायुक्त रीवा से शिकायत कर दी। इस पर रोजगार सहायक को 10 हजार रुपए लेते रंगे हांथो ट्रेप किया गया।**

### बिना घूंस खिलाए काम न होगा

बताया गया कि जयसिंहनगर जनपद अंतर्गत छूदा ग्राम निवासी राजेश सिंह कंवर पिता स्व. हरि नाम सिंह उम्र 27 वर्ष पिता की मृत्यु से काफी व्यथित था। उसे पिता की मृत्यु के पश्चात संबल योजना अंतर्गत 2 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी। यह राशि पीड़ित राजेश की माता के खाते में स्थानांतरित करना था। इसके लिए वह बार बार रोजगार सहायक के चक्कर काट रहा था। रोजगार सहायक चंद्र प्रकाश गुप्ता ने उससे स्पष्ट कह दिया कि उसे इस कार्य के लिए 30 हजार रुपए चाहिए। यही नहीं उसे प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने पृथक आईडी बनवाने के लिए 35 सौ रुपए अलग से चाहिए। इससे राजेश सिंह काफी परेशान हुआ। त्रस्त होकर उसने लोकायुक्त रीवा से शिकायत से कर दी। इस मामले को पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त संगठन योगेश देशमुख ने गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

### घर में रिश्वत लेते हुआ ट्रेप

आवेदक द्वारा शिकायत करने पर लोकायुक्त संभाग रीवा के पुलिस अधीक्षक योगेश्वर शर्मा द्वारा शिकायत का सत्यापन कराया गया। शिकायत सत्यापन के दौरान आरोपी ने शिकायतकर्ता से 33,500 रुपए रिश्वत की मांग की थी। इसके बाद कार्रवाई की योजना तय की गई। शिकायतकर्ता राजेश सिंह को रिश्वत की प्रथम किस्त 10 हजार रुपए देकर ग्राम रोजगार सहायक चंद्रप्रकाश के पास भेजा गया। यह रकम चंद्रप्रकाश द्वारा उसके निज निवास में लेनी थी। जब राजेश ने चंद्रप्रकाश के घर पहुंच कर यह रकम उसे दी, उसी समय टीम ने चंद्रप्रकाश को धर दबोचा। इस कार्यवाही से चंद्रप्रकाश हक्का बक्का रह गया। लेकिन वह रकम सहित लोकायुक्त की गिर$फ्त में जा चुका था। इस कार्य में ट्रेपकर्ता अधिकारी संदीप सिंह भदौरिया निरीक्षक, एस आर मराबी निरीक्षक व अन्य कर्मचारी शामिल रहे।



### भ्रष्टाचार की खुली पोल

पंचायत के कर्मचारियों की भूख इतनी बढ़ चुकी है कि बिना रिश्वत और धांधली के यहां कोई काम नहीं हो रहा है। पीड़ित के पिता की मृत्यु हो गई थी, उसके शोक के मामले में भी उसकी मदद करने की बजाय रोजगार सहायक को रिश्वत दिखाई पड़ रही थी और उसने 30 हजार की घूस मांगी। इससे स्पष्ट होता है कि पंचायतों में काम करने वाले कर्मचारी किस हद तक पतित हो चुके हैं। पैसे की खातिर वे किसी भी हद तक जा सकते हैं। पंचायत के काम में हर स्तर पर धांधली की जाती है, यह तो एक ग्राम रोजगार सहायक की स्थिति है, सचिव सरपंच क्या करते होंगे यह अनुमान ही लगाया जा सकता है। पंचायतों में केवल भ्रष्टाचार के लिए ही काम किया जा रहा है। इसके लिए शासन प्रशासन ठोस अभियान चलाना चाहिए और भ्रष्ट कर्मियों को नकेल पहनानी चाहिए।

## रेलवे मेडिकल कैम्प शहडोल में संपन्न

**शहडोल।** साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा द्वारा स्पेशल रेलवे मेडिकल कैम्प शहडोल में बिलासपुर से पहुंचे अपर मुख्य चिकित्सा अधिक्षक बिलासपुर डॉ. सुमित प्रकाश का स्वागत रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा शहडोल ने किया। इस कैम्प में डॉ. मनमीत टोपनो मंडल रेल चिकित्सा अधिकारी, डॉ. राजेश टी सहायक मंडल चिकित्सा रेल अधिकारी शहडोल, डॉ. यश मोर्य, डॉ. अंशिका विनोद ने 256 रेल कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव एवं मंडल समन्वयक बिलासपुर विजय अग्निहोत्री के मार्गदर्शन निर्देश में वरिष्ठ नेता शाखा उपाध्यक्ष सी.एन.सिंह , अन्य शाखा पदाधिकारी दीपक बाक्ची, सहायक सचिव कैम्प संयोजक के.डी.मिश्रा , दिवाकर तिवारी, अनूप सोनटके, युवा नेता मजहर खान, राममिलन यादव, वरुण सरकार 25 अप्रैल में आएं मैडिकल कैम्प में सभी अधिकारियों एवं सभी कर्मचारियों का स्वागत कर लगभग 250 रेल कर्मचारियों को मैडिकल कैम्प समस्या निवारण शिविर का लाभ दिलाया।



अभिषेक टूर एण्ड ट्रेवल्स
शादी, पिकनिक, टूर इत्यादि के लिए
बुलेरो, कार बुकिंग के लिए संपर्क करें
रेल्वे स्टेशन चौक बुढ़ार,
जिला-शहडोल (म.प्र.)
आशीष नामदेव

मोबाइल नं.- 7000451459, 9516057136, 9826221682

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत चिल्हारी के तालाब में किया गया श्रमदान



**उमरिया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रविंद्र शुक्ला के निर्देश एंव ब्लॉक समन्वयक महेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था जया सेवा समिति एवं परामर्शदाता द्वारा ग्राम पंचायत चिल्हारी के बड़े तालाब में श्रमदान किया गया। इस दौरान तालाब में फैले कचरा को सभी सामाजिक कार्यकर्ता के द्वारा श्रम दान करके बाहर निकाला गया तथा उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई एवं जल के महत्व के बारे मे बताया गया। इस अवसर पर सरपँच अरुणा कोल, राजश्री मिश्रा, देव प्रकाश गौतम नावँकुर संस्था अध्यक्ष, परामर्शदाता, अन्नपूर्णा सोनी,पत्रकार अजय शर्मा, एमएसडब्लूय बीएसडब्ल्यू छात्र, राहुल प्रजापति, शिल्पा सोनी ,शिवांगी सोनी,बबली ,दिनेश आदि लोग उपस्थित रहे।

### 25 अप्रैल से विद्यालयों का संचालन

**उमरिया।** जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में तापमान में अत्यधिक वृद्धि होने के कारण विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र, छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव के दृष्टिगत उमरिया जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, हाईस्कूल , हायर सेकेण्डरी , केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सी.बी.एस.ई., प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिये विद्यालयों के संचालन का समय 25 अप्रैल 2025 से शासन द्वारा नियत सत्र समाप्ति तक के लिये प्रातः 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक नियत किया जाता गया है तथा परीक्षाओं का संचालन निर्धारित समय-सारणी अनुसार रहेगा। मूल्यांकन कार्य अपने यथावत समय पर संपादित होंगे।

### भ्रष्टाचार कर पंचायत सचिव ने कमाई अकूत दौलत

# सरकार के खजाने के लिए नासूर बना दरियाब

#### संभागायुक्त से ग्रामीणों ने की शिकायत, जांच की मांग

**शहडोल।** किसी जमाने में पंचों को परमेश्वर कहा जाता था, लेकिन वह दौर अब गुजर चुका है, अब तो पंचयती राज भगवान भरोसे चल रहा है, पंचायतों में सरकारी खजाने से आने वाली राशि की बंदरबांट का खेल जारी है, इसमें सरकारी कर्मचारियों और ग्रामीण जनप्रतिनिधियों में ज्यादा कमाई करने की होड़ लगी है। जिम्मेदार आंख बंद कर सरकार के खजाने को बट्टा लगा रहे हैं। राशि हड़पने की शिकायतें सरकार तक पहुंचती है, लेकिन नेताओं की छत्रछाया के चलते कार्यवाही टल जाती है।

भ्रष्टाचार के दलदल में गले तक डूबी अनूपपुर जिले की पुष्पराजगढ़ जनपद की पंचायतों के लिए लाखों रुपए डकार जाना आम बात है। भले ही दर्जनों शिकायतें होती हों, लेकिन सचिवों के लिए अफसरों की रहमत कभी कम नहीं होती। निर्माण की पुष्टि, गुणवत्ता की जांच, मौका मुआयना तो शायद अफसरों की ड्यूटी से ही निकाल दिया गया है। जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ की ग्राम पंचायत पड़मनिया में भ्रष्टाचार का रेला बह रहा है, हर निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है, लेकिन उक्त निर्माण कार्य की जांच और कार्यवाही किसी के बस में नहीं है, सचिव खुद को स्वयं भू मानकर धड़ल्ले से मनमाफिक शासन के खजाने में सेंध लगा रहे है, इस पूरे खेल को वह वेण्डरों के साथ मिलकर खेल रहे हैं, लेकिन सचिव पर कार्यवाही न होना आश्चर्य की बात है।

#### यह है मामला

बीते माहों में रतन बैगा ने संभागायुक्त से शिकायत कर बताया कि जन कल्याणकारी योजनाओं कि तहत हम




गरीब आदिवासियों के लिए कई योजनाएं लागू की जाती है, परन्तु पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक योजनाओं में भ्रष्टाचार कर राशि खुर्द-बुर्द कर रहे है, बीते 3 से 4 दशक के दौरान करोड़ों रूपये पंचायत में विभिन्न योजनाओं के नाम पर खर्च किये गये, परन्तु मौके पर योजनाओं का रता-पता नही है, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक सहित उपसरपंच ने पंचायत के खजाने में सेंध लगाते हुए खुद की जेब भरी है।

#### करोड़ पति है सचिव

संभागायुक्त को दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2014 में 3200 रूपये वेतन पाने वाला सचिव वर्तमान में करोड़ों का आसामी है, बीते वर्षो में सचिव दरियाब सिंह द्वारा 1 करोड़ 46 लाख 46 हजार की चल-अचल संपत्ति अर्जित की है, इसमें सचिव द्वारा छीरपानी में दो मंजिला आलीशान मकान में किराने की दुकान, चार पहिया वाहन, मोटरसायकल और कल्याणपुर में 10 एकड़ भूमि, उमरिया जिले के घुनघुटी में 20 एकड़ भूमि अपने व परिजनों के नाम पर खरीदी है, अगर पंचायत सचिव दरियाब सिंह की लोकायुक्त टीम द्वारा चल-अचल संपत्ति की जांच की जाये तो, कथित सचिव पुष्पराजगढ़ जनपद के करोड़ पति सचिव की लिस्ट में शामिल हो जायेगा।

#### योजनाओं में भ्रष्टाचार

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं उपसरपंच द्वारा शासन के खजाने में सेंध लगाई है, ग्राम पंचायत के कई हितग्राहियों के नाम पर विभिन्न योजनाओं जैसे नल-जल, कूप निर्माण, कपिलधारा योजना, जनमन आवास योजना के नाम पर भ्रष्टाचार किया है, ग्राम पंचायत में कई योजनाएं आज भी अधूरी पड़ी है, बकरी शेड, सडक़, राशन कार्ड, सोख्ता गड्ढा आदि के नाम पर डेढ़ हजार रूपये की रकम घूस के रूप में सचिव द्वारा कई ग्रामवासियों से ली गई है। शिकायतकर्ता ने संभागायुक्त से पंचायत में बीते वर्षो में हुए निर्माण कार्य सहित योजनाओं में शासन की राशि कहां-कहां खर्च हुई, इसकी जांच के साथ आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## घुनघुटी में पथौरा कोल ब्लॉक के लिए लोक सुनवाई संपन्न





**उमरिया।** जिले के पाली ब्लॉक अंतर्गत घुनघुटी ग्राम में भारत सरकार द्वारा आवंटित पथौरा कोल भूमिगत ब्लॉक की लोक सुनवाई गत दिवस स्थानीय विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुई। अपर कलेक्टर शिवगोविंद मरकाम ने कहा कि लोक सुनवाई के दौरान जनता की तरफ से आई आपत्तियों एवं सुझावों को भारत सरकार को अक्षरशः भेजा जाएगा जिसके बाद कोल ब्लॉक आवंटन की एनओसी सरकार द्वारा जारी की जाएगी।लोक सुनवाई के दौरान प्रभावित ग्रामीणों ने गांव में विकास रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण, जल आपूर्ति, जैव विविधता,उचित मुआवजा, जंगल और वन्य जीव के सरंक्षण को लेकर कंपनी के सामने मांग रखी जिस पर कंपनी ने अपना पक्ष रखते हुए ग्रामीणों की सभी मांगों को शासन की मंशानुरूप पूर्ण करने का भरोसा दिया। भारत सरकार द्वारा जिले के पाली ब्लॉक में आठ कोल परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसका ऑक्शन होने के बाद कंपनियों ने कोयला खनन की बेसिक प्रक्रिया की शुरुआत की है।

#### 0.80 मिलियन टन सालाना कोयला का उत्पादन

पथौरा कोल ब्लॉक परियोजना के ऑक्शन के बाद कोल उत्खनन का कार्य मेसर्स बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड मिला है। परियोजना की अनुमानित लागत 613.75 करोड़ रुपए एवं कार्यकाल 50 वर्ष का है और कुल 554 हेक्टेयर क्षेत्र में भूमिगत कोयला उत्खनन किया जाएगा परियोजना में प्रभावित ग्राम घुनघुटी, गिठौरी, पतनार कला शामिल है। बजरंग पावर एंड इस्पात कंपनी के प्रतिनिधि एसडी द्विवेदी ने आम जनता की तरफ से बताई गई मांग और सुझावों पर कंपनी का पक्ष रखते हुए कहा कि ग्रामीण जनों की मांग पर घुनघुटी में कंपनी सर्वसुविधा युक्त अस्पताल,गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आधुनिक विद्यालय,गांवों में बिजली और इंफ्रास्ट्रक्चर आदि के विकास की बात कही ।साथ ही वन एवं वन्य जीव सरंक्षण,वाटर लेबल,पर्यावरण, डस्ट आदि से बचाव एवं रोजगार में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दिए जाने का भरोसा दिया। लोक सुनवाई के दौरान तीनों ग्रामों के ग्रामीणो ने अपनी बाते रखी । इस अवसर पर रीजनल ऑफिसर पर्यावरण मुकेश श्रीवास्तव , एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष ज्ञानवती सिंह, जनपद पंचायत पाली के उपाध्यक्ष, तहसीलदार डीलन सिंह मरावी, अवधेश सिंह बघेल,सामाजिक कार्यकर्ता रविकांत द्विवेदी,अशोक नायक प्रदीप तिवारी,जाकिर खान,दिनकर सिंह,दीप्ति सिंह,सूर्यभान यादव,अभय शिवहरे एवं पवन अवस्थी, कोल ब्लॉक से प्रभावित ग्राम घुनघुटी, गिठौरी,पतनार कला के ग्रामीण मौजूद रहे।

## सीईओ जनपद पंचायत ने विभिन्न ग्रामों का किया निरीक्षण

**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी व्दारा जनपद क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आकाशकोट स्थित ग्राम पंचायत पठारीकला में खेत तालाब एवं डगवेल (डगवेल) निर्माण कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों की उपस्थिति में खेत तालाब का लेआउट तैयार कराया गया एवं अमृत सरोवर के लिए प्रस्तावित स्थल का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की मंशा अनुसार उमरिया जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियान के तहत नदिया, तालाबों, पोखरों, बावडियों की साफ सफाई की जा रही है । साथ ही ग्रामों में अमृत सरोवर तथा खेत तालाब तैयार किए जा रहे है, ताकि ग्रामीणों को पेयजल हेतु परेशानी का सामना नही करना पड़े । यह अभियान अनवरत 30 जून तक संचालित किया जाएगा। ग्राम पंचायत मजमानीखुर्द, गोपालपुर एवं कौडिय़ा 63 में निर्माणाधीन अटल पंचायत भवनों का निरीक्षण कर निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि आगामी 10 दिनों में कार्य की प्रगति सुनिश्चित करते हुए प्लेंथ स्तर तक कार्य पूर्ण किया जाए।



## मेला में 350 में से 182 युवकों को उपलब्ध कराया गया रोजगार



### संगम रोजगार मेला संपन्न



**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी अमन दुबे ने बताया कि रानीदुर्गावती सामुदायिक भवन में युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन संपन्न हुआ। मेले में 350 बेरोजगार युवक , युवतियों ने पंजीयन कराया था जिसमें से 180 युवको , युवतियों का चयन विभिन्न कंपनियों में किया गया। मेला में प्रगति बायोटेक में 4, एमआरएफ टायर में 51, रिलायंस निप्पोन में 29, सागर मेनूफेक्रिंग में 25, रिलायंस निप्पोन में 29, एलआईसी उमरिया में 15, विनप्रेज इनफो मीडिया प्रायवेट लिमिटेड मैन पावर प्लेसमेंट सर्विस कंपनी में 32, एसबीआई में 12, मोबाइल पे में 14 बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया । इस अवसर पर जिला रोजगार कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, युवक युवतियां तथा कंपनी के लोग उपस्थित रहे। कंपनी से आये लोगों व्दारा युवक युवतियो को अपनी कंपनी से संबंधित किए जाने वाले कार्यो की जानकारी प्रदाय की गई तथा उनकी योग्यता के अनुसार चयन किया गया।

## आदर्श ग्राम पंचायत ओढ़ेरा में 107 बोरियों का किया गया बोरी बंधान



**उमरिया।** प्रदेश के मुख्योमंत्री डा मोहन यादव के आव्हान पर उमरिया में जल को संरक्षित करनें का अभियान प्रारंभ है । जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला समन्वयक रवींद्र शुक्ला के मार्गदर्शन में एवं विकासखंड समन्वयक पुष्पा तेकाम की उपस्थिति में अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार के तहत जन सहयोग के माध्यम से ओढ़ेरा के गाढ़ा घाट नाला में 107 बोरियो का बोरी बंधान किया गया। बोरी बंधान उपरांत जल को संरक्षित करने की शपथ भी ली गई । कार्यक्रम में रविन्द्र शुक्ला जिला समन्वयक जन अभियान परिषद एवं विकासखंड समन्वयक पुष्पा टेकाम एवं अनिल सिंह, ग्राम पंचायत सचिव ओढ़ेरा, परामर्श दाता कौशलेश कुमार सूर्यवंशी सेक्टर क्रमांक 04 , आशीष चतुर्वेदी , ग्राम सहायक राम सिंह , सीएमसीएलडीपी छात्र,छात्राएं अर्चना सिंह परस्ते, लक्ष्मी सिंह, भारती सिंह, प्रीति सिंह, अर्चना बैगा ,गीता बैगा संगीता बैगा एवं अन्य सहयोगी सुनील सिंह परस्ते, कैलाश सिंह, राजकुमार बैगा और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## वाहन में पथराव के संदिग्धों से पुलिस कर रही पूछताछ



**कोतमा।** मंगलवार की रात को राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 मे अनूपपुर से कोतमा आने के दौरान राजेश प्यासी 52 वर्ष की चलती कार पर बदरा स्थित सिंह पेट्रोल पंप के आगे पथराव करने के मामले में मीडिया कर्मियों द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की गई थी। उक्त घटना के बाद पुलिस हाईवे रोड के आसपास से कई संदिग्धों को थाने लाकर मामले को लेकर पूछताछ की गई। बुधवार शाम से देर रात तक हाइवे पर नियमित पुलिस की ड्यूटी लगाते हुए पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। थाना प्रभारी संजय खलको का कहना है कि आरोपी जल्द पकड़े जाएंगे। विदित है कि राजेश पयासी द्वारा अनूपपुर से अपना दैनिक कार्य कर घर आने के दौरान बदरा सिंह पेट्रोल पंप के पास पथराव कर हमला करने से पीछे की खिड़की का कांच टूट गया वहीं अचानक ब्रेक मारने से सीने एवं सिर में भी चोट आई। मामले में पुलिस के द्वारा अज्ञात बदमाश के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज करते हुए तलाश में जुटी हुई है।

## आवारा पशु ने किया लहुलुहान

**कोतमा।** कोतमा हाईवे रोड में आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी के कारण आए दिन दुर्घटना के मामले सामने आ रहे हैं। नए मामले में बुधवार की रात को कोतमा निवासी विमल गोस्वामी 31 वर्ष वार्ड क्रमांक 4 अपने रिश्तेदार के साथ अनूपपुर की ओर से कोतमा घर आने के दौरान बीच रास्ते में अचानक मवेशी आ जाने से दो पहिया वाहन दुर्घटना हो गया। वाहन चालक विमल एवं पीछे बैठे रिश्तेदार के सर में चोट आई। आधी रात को दुर्घटना की सूचना समाजसेवी शिवांश सिंह को मिलने पर रात में ही उनके द्वारा अपने वाहन से दोनों घायलो को कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहां उपचार शुरू किया गया। वाहन चालक के अनुसार रास्ते में अचानक दो से तीन मवेशियों के आ जाने के कारण वहां अनियंत्रित होकर दुर्घटना हो गया।

## होने वाला दूल्हा पहुंच सलाखों के पीछे

**मामला शादी पूर्व अपनी ही प्रेमिका से रेप का**

**कोतमा।** थाना अंतर्गत होने वाले दूल्हे शिवम मिश्रा के खिलाफ 22 वर्षीय युवती जिससे शादी होने वाली थी। शादी के पूर्व शारीरिक संबंध बनाकर शादी न करने से नाराज युवती (होने वाली दुल्हन) के द्वारा आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म करने का थाना कोतमा में दर्ज कराया गया। पुलिस के द्वारा आरोपी को ग्वालियर से गिरफ्तार कर थाने लाकर बाइक जप्त करते हुए मेडिकल उपरांत न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया। इस दौरान न्यायालय में आरोपी दूल्हे को देखे जाने के लिए भीड़ भी लगी रही। जानकारी अनुसार आरोपी शिवम मिश्रा की शादी छत्तीसगढ़ में 22 वर्षीय युवती से तय हुई थी जिसके बाद दोनों के बीच मोबाइल से बातचीत होती रही। 6 फरवरी को शॉपिंग करने के बहाने कोतमा बुलाकर अपने घर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए गया एवं कुछ दिनों बाद शादी से मना कर दिया गया। मनाही के बाद युवती मानसिक तनाव में चली गई। घटना की जानकारी अपने परिजनों को बताने के बाद थाने पहुंच आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म को लेकर मामला दर्ज कराया गया था।

### किसान के घर में भीषण आग, गृहस्थी का समान खाक



**कोतमा।** थाना अंतर्गत बंधवा टोला में रहने वाले कृषक रामप्रकाश नामदेव 35 वर्ष के घर में गुरुवार की दोपहर 1 बजे के लगभग अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने की खबर पूरे गांव में तेजी से फैली जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा पंप एवं घरों से पानी लाकर बुझाने का भरसक प्रयास किया गया। घटना की सूचना हंड्रेड डायल एवं फायर ब्रिगेड को दी गई।ग्रामीणों के द्वारा 3 घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राम प्रकाश नामदेव के अनुसार आग लगने से घर में रखे टीवी, कूलर, बिस्तर, पलंग, कपड़े कुछ आवश्यक दस्तावेज एवं घर की पालतू बिल्ली भी जलकर मर गई। आग लगने से लगभग 50 हजार से ज्यादा के नुकसान की आशंका बताई जा रही है। थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।

### पहलगाम हमले को लेकर किया गया पुतला दहन



**राजेन्द्रग्राम।** पहलगाम जम्मू कश्मीर में हुए हत्या कांड को लेकर बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई साथ पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पुतला दहन किया गया कार्यक्रम में सभी व्यापारी एवं बजरंग दल विश्व हिन्दू परिषद के लोग सम्मिलित हुए।

### स्कूल ने कश्मीर हमले में जान गंवाने वाले देशवासियों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**जैतहरी।** कश्मीर के पहलगाम में हमारे देश के निर्दोष पर्यटकों की बर्बरता पूर्वक आतंकियों द्वारा जो हत्याएं कर मां बहनों की गोद सूनी की गई है, वह अत्यंत निंदनीय है। विद्यालय परिवार की ओर से इस नीच एवं कायरता पूर्वक की गई हत्या की भर्त्सना करते हुए मृत जनों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं एवं ईश्वर से प्रार्थना करते है कि इस दुख की घड़ी में अकाल काल के गाल में समा जाने वाले मृतकों के परिजनों को इस वज्रपात को सहने के लिए संबल प्रदान करें। विद्यालय परिवार ने सरकार से अपील की है कि ऐसी नीच घटना को अंजाम देने वालों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करते हुए उन्हें इस कुकृत्य की सजा अवश्य दे।

## खबर संक्षेप



### श्रमदान कर सहेजा जल, बैठक में बनाई रूपरेखा

**ढीमरखेड़ा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रतिदिन जल सहेजने को लेकर गतिविधियां आयोजित की जा रही है। ढीमरखेड़ा के धरवारा सेक्टर के कुसेरा गांव में जल संरक्षण को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों के साथ कुसेरा के पुतरिया नाले में श्रमदान कर साफ सफाई किया। पानी के रिसाव वाले स्थान पर खुदाई करते हुए जल का एकत्रीकरण किया और स्थल की सफाई की। सेक्टर प्रभारी कोदुलाल हल्दकार ने बताया कि जंगल के बीच में बने नाले में बारिश के समय जंगल का पानी आकर रुकता है। यहाँ मवेशियों और जंगली जानवरों के पानी पीने की व्यवस्था की गई। इसके अलावा ढीमरखेड़ा विकासखंड की नवांकुर संस्था इमलिया के द्वारा प्रस्तावित आदर्श ग्राम में बैठक कर लोगों के साथ आगामी श्रमदान कार्य करने हेतु योजना तैयार किया। गांव में जागरूकता रैली निकालकर जल संरक्षण का संदेश दिया। जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल ने आदर्श ग्राम का भ्रमण कर संस्कार केंद्र और कार्यालय का निरीक्षण किया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रताप सिंह, विकासखंड समन्वयक बबीता शाह, अरविंद शाह, सीएमसी एलडीपी परामर्शदाता सुमित सिंह, शैलेश दुबे, स्टूडेंट्स नीलम मौर्य, आकाश सिंह, राखी दुबे, सुधीर सिंह, शालिनी सिंह, रूबी सिंह, नरेश सिंह, रामकुमार सहित अन्य ग्रामीणों की सहभागिता रही।

### न्यू क्रिमिनल लॉ पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष कुमार डेहरिया के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कटनी पुलिस कंट्रोल रूम में गत 21 अप्रैल से 23 अप्रैल तक न्यू क्रिमिनल लॉ पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले में पदस्थ तीन डीएसपी, 10 निरीक्षक, 26 उप निरीक्षक, 28 सहायक उप निरीक्षक, 30 प्रधान आरक्षक, 31 आरक्षक, कुल 128 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। एसपी श्री रंजन ने कहा कि न्यू क्रिमिनल लॉ की जानकारी प्राप्त करने के बाद अब जिले के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी कानून में हुए परिवर्तन के आधार पर बेहतर तरीके से अपने कार्यों को संपन्न कर सकेंगे। गौरतलब है कि कानून में हुए परिवर्तन की जानकारी प्राप्त कर उसे अपने दैनिक कार्यों में बेहतर तरीके से उपयोग में लाने एवं कानूनी कार्यवाही को और अधिक बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जिला स्तर पर न्यू क्रिमिनल लॉ का प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के निर्देश प्रदान किए गए थे।

### हादसे में महिला की मौत, युवक घायल

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत हुए सड़क हादसों में एक महिला की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने बताया कि गत देर शाम हुए इस हादसे में सदफ पिता रशीद अहमद 22 वर्ष निवासी अधारताल जबलपुर की मौत हो गई। यह अपने चार पहिया वाहन क्रमांक एमपी 20 टीए 1957 से वापस शहडोल की ओर से वापस लौट रहे थे। चालक की लापरवाही से इनका वाहन अनियंत्रित हो गया। इस हादसे में महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है। इसी थाना क्षेत्र में हुए हादसे में एक अन्य युवक भी घायल हो गया। यह हादसा खमतरा गांव में हुआ। पुलिस ने बताया कि विजय तिलगाम 23 साल निवासी ग्राम ढीमरखेड़ा घायल हो गया। हादसे के बाद उसे स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल लाया गया। यहां पर युवक की हालत खतरे से बाहर है। मामले में शिकायत पर चालक पर मामला दर्ज किया गया है।

## कोयला चोरी का गोरखधंधा

# धनपुरी क्षेत्र में ईंट भट्टों तक पहुँच रहा अवैध कोयला

### प्रदूषण और शोषण की बढ़ रही समस्या

एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के बुढार कोयला साइडिंग से लगातार कोयला चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे न केवल सरकारी संपत्ति को नुकसान हो रहा है, बल्कि स्थानीय पर्यावरण और समाज भी प्रभावित हो रहा है।





धनपुरी।

सूत्रों के अनुसार, अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कोयला चोरी कर उसे क्षेत्र के ईंट भट्टों तक पहुँचाया जा रहा है, जहाँ उसका अवैध रूप से उपयोग किया जा रहा है।जानकारी के अनुसार, जब बुढार साइडिंग से बैगन में कोयला लोड किया जाता है और बैगन का काटा होता है, तब कुछ लोग मौके का फायदा उठाकर खड़ी बैगन से कोयला निकाल लेते हैं। यह चोरी का कोयला बाद में ईंट भट्टों में खपाया जाता है। इस अवैध गतिविधि से दर्जनों ईंट भट्टों को सस्ते दामों में कोयला उपलब्ध हो रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ मिल रहा है, लेकिन इसका खामियाजा पर्यावरण और आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।नगर में संचालित ईंट भट्टों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इनमें से कई अवैध रूप से या बिना पर्यावरणीय स्वीकृति के चल रहे हैं। इन भट्टों में चोरी का कोयला जलाया जा रहा है, जिससे भारी मात्रा में प्रदूषण फैल रहा है। काले धुएं से आस-पास के इलाकों में वायु गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ रहा है। साथ ही, इन भट्टों में काम कर रहे मजदूरों का भी शोषण किया जा रहा है। उन्हें न्यूनतम मजदूरी, स्वास्थ्य सुरक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाएं नहीं दी जातीं।स्थानीय नागरिकों और जागरूक समाजसेवियों का कहना है कि यदि जल्द ही इस कोयला चोरी और अवैध भट्ठा संचालन पर रोक नहीं लगाई गई, तो स्थिति और बिगड़ सकती है। प्रशासन से मांग की जा रही है कि इन अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और कोयला चोरी पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाए.प्रशासन से अपेक्षाप्रशासन को चाहिए कि वह बुधार साइडिंग पर निगरानी बढ़ाए, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था करे, और रेलवे व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा नियमित जांच कराए। साथ ही, अवैध रूप से संचालित ईंट भट्टों की सूची तैयार कर उनके खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। इससे न केवल कोयला चोरी रुकेगी, बल्कि प्रदूषण पर भी नियंत्रण होगा और मजदूरों को भी बेहतर कार्य परिस्थितियाँ मिल सकेंगी।

# पहलगाम में निहात्थे सैलानी पर आतंकवादियों द्वारा कायरना हमले पर आक्रोश सभा में श्रृद्धाजंलि अर्पित




सभा में नगर के प्रतिष्ठित लोगों के द्वारा श्रद्धांजलि समर्पित किया

ब्यौहारी

ब्योहारी में दिनांक 24 अप्रैल 2025 को हनुमान मंदिर के सामने पहलगाम में हुये आतंकवादी नरसंहार के विरोध में ब्यौहारी के आम जनमानस के द्वारा आक्रोश व्यक्त किया गया और देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी से मांग की गई की इस्लामिक आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी करवाई की जाए इस अवसर पर नगर के व्यापारी इंजी. नीरज गुप्ता, रवि द्विवेदी विजय प्रधान, आशीष गुप्ता, ज्ञानी, सुनील मिश्रा, मदन गुप्ता कैलाश हवाई,रवि मिश्रा, लालजी गुप्ता, सत्यनारायण, उपेंद्र सिंह, कौशलेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, मोती सिंह, रामसुमिरन चतुर्वेदी,विनय मोनू, शिवानी पटेल, श्रीधर गर्ग, मनोज केसरवानी, रितेश श्रीवास्तव, पंकज गुप्ता, रोशन नागपाल, उमेश कुशवाहा, एवं नगर व क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक व आमजन उपस्थित हो कर नम आंखों से श्रृद्धाजंलि समर्पित किया ।

## एक हफ्ते में हटाओ शराब दुकान : सांसद

**धनपुरी** वार्ड नंबर 4 की समस्या हल हेतु हंसराज की मांग पर कलेक्टर को निर्देशफोटोधनपुरी। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष हंस राज तंवर ने 24 अप्रैल गुरुवार को राजेंद्र ग्राम सुश्री लोकप्रिय सांसद श्री हिमाद्री सिंह से एक सौजन्य भेंट कर धनपुरी वार्ड नंबर 4 के परेशान वार्डवासियों शिकायत पर एक ही स्थान पर वर्षों से शराब दुकान संचालित हो रहा है। जबकि उस जगह पर शहीद विजय शुक्ला का स्टैचू, सहीद चौक, शासकीय पोस्ट ऑफिस स्थित है जहां महिलाएं पुरुष बच्चों का आना जाना लगा रहता है।भाजपा नेता हंसराज तंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने सांसद जी को पूर्व शिकायतों की फाइल में लगी शिकायत, अखबारों की कटिंग व नगर लेकर जिला तक जानकारी से अवगत कराया गया तब सांसद श्री हिमाद्री सिंह ने पूर्व शिकायतों को देखते हुए शराब दुकान हटाने को लेकर कलेक्टर शहडोल को फोन लगाकर साफ शब्दों में कहा कि जब विधायक जैतपुर और नगर पालिका का पत्र है तब क्या समस्या है उन्होंने कहा मुझे एक सप्ताह में समाधान निकाल कर उक्त स्थान से शराब दुकान स्थानांतरित किया जाए। अवगत कराया जाए।





## बारडोली वेलफेयर सोसायटी द्वारा लगवाए गए वाटर कूलर

हरिभूमि न्यूजः बड़वारा

बारडोली वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा के परिसर एवं तहसील कार्यालय लोक सेवा केंद्र बड़वारा में दो वाटर कूलर प्रदान कर गर्मी में शीतल पेयजल प्रदाय करबाने हेतु पुण्य कार्य किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा के मुख्य खण्ड चिकित्साधिकारी डॉ अनिल झामनानी तथा तहसीलदार बड़वारा संदीप सिंह, नायब तहसीलदार इसार खान एवं बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी एवम लोकसेवा केंद्र बड़वारा प्रबंधक राजकुमार चौधरी की उपस्थिति में वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया।

### 31 मई तक पुनः खोला गया पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पोर्टल

**कटनी।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत एमपी टास पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करने हेतु शैक्षणिक सत्र 2024-25 का पोर्टल 31 मई तक पुनरू खोला गया है। सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय के नोडल प्राचार्यों तथा सभी शासकीय एवं अशासकीय तकनीकी एवं प्रशिक्षण संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण के ऐसे विद्यार्थी जो किसी कारणवश ऑनलाईन आवेदन नही कर पाये थे। उन छात्र-छात्राओं हेतु पुनः पोर्टल खोला गया है।

# सर्व सुविधा युक्त हॉस्पिटल खोलने की घोषणा

घुनघुटी शहडोल

ग्राम घुनघुटी पथोरा पश्चिमी कोल माइंस की जनसुनवाई में ग्रामीणों की विशेष या सुविधा के मद्देनज़र सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रदत्त शिवहरे की अस्पताल की विशेष मांग स्वीकारते हुए माइंस प्रबंधन द्वारा सर्व सुविधा युक्त हॉस्पिटल खोलने की मंच से की घोषणा दिनांक 24 अप्रैल 2025 को ग्राम घुनघुटी की पथोरा कोल माइंस की जनसुनवाई कार्यक्रम माइंस प्रबंधन बजरंग पावर द्वारा हजारों ग्रामीण जनप्रतिनिधियों व पंचायत के पंचों की उपस्थिति में उमरिया जिला के अपर कलेक्टर शिव गोविंद सिंह मरकाम व पर्यावरण जिलाधिकारी मुकेश श्रीवास्तव एसडीएम अंबिकेश सिंह तहसीलदार ढीलन सिंह वह बजरंग पवार कंपनी के प्रतिनिधि सुरेंद्र अग्रवाल व समस्त स्टाफ की उपस्थिति में संपन्न हुआ टेंशन में में प्रमुख रूप से प्रसिद्ध जनप्रतिनिधि अवधेश प्रताप सिंह चंद्रदत्त शिवहरे अभय शिवहरे पवन मिश्रा मुकेश शिवहरे सतीश यादव सरपंच शिवकन्या यादव शाकिर खान गोपाल शिवहरे ज्योति सिंह श्याम प्रकाश कोल सूर्यभान यादव रुपलेखा सिंह दिनकर सिंह आदि लोगो ने घुनघुटी मे माइंस जैसे बड़े उद्योग खोलने से पिछड़े आदिवासी क्षेत्र मे व्यापार व रोजगार से गांव के समग्र विकास और जलसंरक्षण व पर्यावरण के बचाव के प्रति अपने विचार व्यक्त किये.. सामाजिक कार्यकर्त्ता चंद्रदत्त शिवहरे ने अपने उदबोधन मे तीन सूत्रीय मांग रखी जिसमे 1. माइंस मे रोजगार के दृष्टिकोण से घुनघुटी के स्थानीय लोगो को वरीयता दी जाये 2. सीएसआर मद की राशि का पूरा उपयोग घुनघुटी पंचायत के विकास मे किया जाए 3.घुनघुटी 25 से 30 गाँवो का केंद्र बिंदु है इस आदिवासी अंचल मे स्वास्थ्य सुविधाएं नगण्य है जिसको ध्यान मे रखते हुए यहाँ सर्व सुविधा युक्त अस्पताल खोलने की मांग करते हुए चंद्रदत्त शिवहरे ने माइंस प्रबंधन मंच से यह घोषणा करने की अपील की माइंस प्रबंधन द्वारा उक्त मांगो को मानते हुए अस्पताल खोलने की घोषणा समस्त ग्रामीणों के बीच मंच से की.. जिससे ग्रामीणों मे हर्ष व्याप्त है.



# मां शारदा समिति के अधिकारियों की निष्क्रियता से दर्शनार्थी हो रहे परेशान

### मंदिर की सीढ़ियों में फुटपाथी दुकानदारों पर क्यों नहीं होती कार्रवाई

**मैहर।** मैहर की मां शारदा समिति के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिलीभगत से मंदिर प्रांगण अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। यहां पर प्रतिबंधित क्षेत्र में समिति के जवाबदार लोगों को मुंह मांगा रुपया देकर व्यापार किया जा रहा है जिससे दर्शनार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लेकिन इस संबधं उच्च स्तर के अधिकारी भी मौन साधे रहते हैं। मैहर के शारदा माता की मंदिर परिसर में नीचे की सीढ़ी से लेकर ऊपर मंदिर तक सीढ़ियों में फुटपाथी दुकान लगाए हुए यह किसके आदेश से हो रहा है यह सभी जानते है मगर हिस्सेदारी को लेकर कोई कार्रवाई नहीं करना चाहता है। मां शारदा के मंदिर से नीचे उतरने वाले मुख्य द्वार पर सिदूर व फोटो लिए खड़े युवक दर्शनार्थियों को रास्ता रोककर जबरदस्ती करते है। इस 10 फिट की रास्ता में आधे से ज्यादा रास्ते में यह चना,सिंदूर,फोटो बेचने वाले दुकानदारों की भरमार रहती है। इन दुकानदारों के द्वारा के सामने खड़ें हो कर सामग्री लेने को बाध्य करते है जिससे दर्शनार्थी असहज हो जाता है। कई दर्शनार्थियों ने बताया है कि यात्रियों को आने जाने में परेशानी होती क्या यहां पर कोई व्यवस्था करने वाले नहीं है पर उन्हें कोई क्या समझाए कि मंदिर में हर क्षेत्र में लूट का बोल बाला है। मंदिर प्रांगण में यात्री निवास,मुंडन,कथा आदि स्थानों में बड़ें पैमाने पर हेर फेर होता है लेकिन कोई जांच नहीं होती है। यहां पर तो पैसा दो और मनमानी अवैध कमाई वाले स्थानों में अपनी डियूटी लगवाकर खाओ और खवाओं का धंधा सिर चढ़कर बोल रहा है।



## 85 केन्द्रों में चल रहा उपार्जन कार्य, 4230 किसानों ने बेची उपज

# जिले में अब तक 29 हजार 70 मीट्रिक टन गेहूँ की हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 85 खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 4 हजार 230 किसानों से 29 हजार 70 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है।

### उपार्जन में बहोरीबंद अव्वल

गेहूँ खरीदी के मामले में बहोरीबंद तहसील अग्रणी है। यहां अब तक 1295 कृषकों से 8 हजार 796 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित किया गया है। गेहूँ उपार्जन के मामले में ढीमरखेड़ा तहसील दूसरे स्थान पर है। जहां 1123 किसानों से 6 हजार 971 मीट्रिक टन गेहूँ खरीदा गया है। वहीं तीसरे स्थान पर जिले की विजयराघवगढ़ तहसील है। जहां 554 किसानों ने 3 हजार 916 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है।

इसी प्रकार स्लीमनाबाद तहसील गेहूँ खरीदी के मामले में जिले में चौथे स्थान पर है। जहां 423 किसानों ने 3 हजार 511 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। इसके अलावा रीठी तहसील जिले में पांचवे स्थान पर है। जहां के 488 किसानों ने 3 हजार 54 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री किया है। जबकि कटनी ग्रामीण एवं कटनी नगर तहसील संयुक्त रूप से छठवें पायदान पर है। जहां अब तक 161 किसानों ने 1 हजार 454 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। इसके अलावा बरही तहसील में 98 किसानों ने 722 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। इस प्रकार गेहूँ उपार्जन के मामले में बरही तहसील सातवें स्थान पर है। जबकि बड़वारा तहसील के 88 किसानों ने 645 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री किया है। और बड़वारा गेहूँ उपार्जन के मामले में जिले में अंतिम पायदान पर है।



### गेहूं की बिक्री के लिए 30 अप्रैल तक कर सकेंगे स्लॉट बुकिंग

रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए रबी उपार्जन हेतु किसान पंजीयन कार्य 5 मई तक समस्त कार्य दिवसों में (रविवार एवं शासकीय अवकाश को छोड़कर) किया जाना है। कृषक द्वारा उपज विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग उपार्जन के अंतिम 10 दिवस को छोड़कर की जा सकेगी एवं स्लॉट की वैधता अवधि 07 कार्य दिवस का प्रावधान किया गया है। जिले के समस्त कृषक बन्धुओं से अपील की गई है कि वह अपने गेहूँ के स्लॉट की बुकिंग 30 अप्रैल तक कर सकते हैं।

जिले में कुल 9 लाख 47 हजार 99 हितग्राहियों में से मात्र 7 लाख 53 हजार 966 हितग्राहियों द्वारा ई-केवाईसी की गई है। जो कि 79.61 प्रतिशत है। जिले में अभी भी 1 लाख 93 हजार 133 हितग्राहियों की ई-केवाईसी किया जाना शेष है। जिन हितग्रहियों द्वारा ई-केवाईसी नहीं कराई गई है, ऐसे हितग्राहियों से अपील की गई है कि वह अपनी नजदीकी राशन दुकान में जाकर 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी करवा लें। ई-केवाईसी नहीं करवाने वाले हितग्राहियों का राशन आगामी माह में बंद होने की संभावना है।

# बेरोजगार युवाओं के पास स्व रोजगार का सुनहरा मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के बेरोजगार युवाओं के स्वरोजगार के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कटनी द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना संचालित की जा रही है। जिसमें समस्त आवेदक पात्रतानुसार आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत खुदरा व्यवसाय एवं सेवा व्यवसाय हेतु 50 हजार रूपये से लेकर 25 लाख रूपये तक की और उद्योग (विनिर्माण) हेतु 50 हजार रूपये से लेकर 50 लाख रूपये तक की औद्योगिक इकाईयां स्थापित की जा सकेंगी। योजनान्तर्गत राज्य शासन द्वारा हितग्राहियों को वितरित ऋण के सबंध में 3 प्रतिशत की दर से अधिकतम 7 वर्ष तक ब्याज अनुदान दिया जाता है। साथ ही योजनान्तर्गत ऋण ग्रारंटी शुल्क

### उद्यम क्रांति योजना के तहत 25 लाख रूपए तक का मिलेगा ऋण

प्रचलित दर पर अधिकतम 7 वर्षों तक प्रतिपूर्ति के रूप में देय होती है।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लेने हेतु आवेदक को मध्यप्रदेश का स्थानीय निवासी होना आवश्यक है। साथ ही ऐसे युवा जो न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण हों एवं उनकी आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य हो एवं वार्षिक आय 12 लाख से कम हो, आवेदन कर सकते हैं।

इच्छुक युवा परियोजना प्रतिवेदन, आधार कार्ड, समग्र आईडी, फोटो, बैंक पासबुक, कोटेशन, पेनकार्ड आदि समस्त दस्तावेजों के साथ एमपी आनलाईन से आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में अदाणी फाउंडेशन की पहल



**कोतमा।** अदाणी फाउंडेशन की सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता के तहत अनूपपुर थर्मल एनर्जी एम.पी. प्राइवेट लिमिटेड के परियोजना क्षेत्र के ग्रामीण सरकारी विद्यालयों में स्कूल बैग वितरण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छतई ग्राम के दो विद्यालयों से हुई, जहाँ कुल 140 छात्रों को नए स्कूल बैग प्रदान किए गए। यह पहल 5 पंचायतों के अंतर्गत आने वाले 18 विद्यालयों में अध्ययनरत कुल 854 छात्रों को कवर करेगी। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित करना और शिक्षा के प्रति उनकी रुचि बढ़ाना है। इससे पूर्व भी अदाणी फाउंडेशन ने शिक्षा के क्षेत्र में कई सराहनीय कार्य किए हैं, जिनमें परियोजना क्षेत्र के 18 विद्यालयों में 587 स्कूल बेंच-डेस्क की व्यवस्था और आंगनवाड़ी के 354 बच्चों को बैग वितरित किए जाना शामिल है। इस अवसर पर मझौली पंचायत की सरपंच सुश्री चंदा पनिका ने बच्चों को बैग वितरित किए और अदाणी फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए संस्था को धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं, अडाणी परिवार के अधिकारियों ने कहा कि अदाणी फाउंडेशन ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का संचालन करती रहेगी। यह पहल न केवल शैक्षिक संसाधनों की पूर्ति करती है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का एक सकारात्मक प्रयास है।

### भूमिगत खनन को बढ़ावा देने के लिए कोयला मंत्रालय ने लांच की नई पॉलिसी

**राजनगर।** भूमिगत कोयला खनन को बढ़ावा देने के लिए कोयला मंत्रालय ने हाल ही में नई पॉलिसी की शुरुआत की है। इससे भारत के कोयला क्षेत्र में नये अवसर खुलने की संभावना है। इसमें कई परिवर्तनकारी नीतिगत उपाय शुरु किये गये हैं। नई पॉलिसी के तहत इसमें फ्लोर रेवेन्यू शेयर में कमी की गयी है। भूमिगत कोयला खदानों के लिए राजस्व शेयर का फ्लोर प्रतिशत चार से घटाकर दो प्रतिशत कर दिया गया है। अग्रिम भुगतान की आवश्यकता को भी पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इसका शहडोल के सोहागपुर क्षेत्र, जमुना कोतमा क्षेत्र, हसदेव क्षेत्र की भूमिगत खदानों में लाभ मिलेगा। कोयला मंत्रालय के इन प्रोत्साहनों से भूमिगत कोयला खनन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इससे न केवल आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, पर्यावरण संरक्षण व उन्नत तकनीकों के उपयोग में भी मदद मिलेगी। इससे कई फायदे हो सकते हैं।

### गाडने के एक माह के भीतर ही गिरा विद्युत खंभा गिरा



**अमरकंटक।** प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में इन दिनों प्रसाद योजना के तहत मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के ठेकेदार द्वारा किस तरह का घटिया अमानख स्तर का विकास कार्य किया कराया जा रहा है जो की देखने योग्य है। नगर परिषद अमरकंटक के वार्ड क्रमांक 12 लोक निर्माण विभाग के उच्च विश्रामगृह के पीछे नगर परिषद कार्यालय के सामने पर्यटन विकास निगम के ठेकेदार द्वारा विकास कार्य के तहत लोहे का विद्युत खंभा लगाया गया है वह गत दिवस दोपहर में बिना हवा चले अपने आप गिरकर धराशाई हो गया उक्त विद्युत खंभा मात्र आधा फुट छः इंच ही गडा हुआ था और 6 इंच का सीमेंट चबूतरा सा बनाया गया था।

# मयखाना बना कोतमा अस्पताल, जगह-जगह पड़ी शराब की खाली बोतलें

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा मे रात भर छलकता जाम से जाम

**चिकित्सकों के अभाव में रेफरल सेंटर बनकर रह गया स्वास्थ्य केंद्र**
**अस्पताल परिसर में व मेडिकल वेस्ट बयां कर रहीं गंभीर कहानी**
**संभाग के एकमात्र मंत्री के गृह क्षेत्र का हाल बेहाल**

जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं चिकित्सकों के अभाव में बेपटरी हो चली है। चिकित्सालयों के नाम पर आलीशान भवन खड़े कर दिए गए हैं, आवश्यक उपकरण भी जुटा लिए गए किंतु चिकित्सक और चिकित्सकीय स्टाफ के अभाव में यह भवन अनुपयोगी ही साबित हो रहे हैं। संभाग के एकमात्र मंत्री दिलीप जायसवाल के विधानसभा क्षेत्र का हाल और भी बेहाल है।

अनूपपुर/कोतमा।







लगभग 2 लाख 50 हजार की आबादी और 848 वर्ग किलोमीटर में फैली कोतमा तहसील में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा में प्रतिदिन 150 से 200 मरीज पहुंचते हैं। वर्षा ऋतु में यह आंकड़ा और भी बढ़ जाता है। कोतमा तहसील में शासन के नियमानुसार 37 चिकित्सकों की आवश्यकता है, जबकि वर्तमान में महज 6 चिकित्सक ही बीमारों का उपचार कर रहे हैं। इन चिकित्सकों को भी व्यवस्था के अनुसार यहां से वहां किया जाता रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से चिकित्सकों का स्थान परिवर्तन व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से मरीजो को रेफर का जुगाड़ कर चिकित्सा व्यवस्था का संचालन किया जा रहा है। चिकित्सकों के रिक्त पड़े पद को भरने के लिए वर्षों से पत्राचार किए जाने के बाद भी अब तक कोई सार्थक परिणाम नहीं निकल पाया है। यहां के लोगों को छोटे-मोटे इलाज के लिए जबलपुर बिलासपुर नागपुर तक जाना पड़ता है । कोतमा अस्पताल मात्र एक चिकित्सक के भरोसे चल रहा है बाकी संविदा एवं पेरा फेरी के डॉक्टरों के भरोसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा की व्यवस्था चल रही है । कोतमा अस्पताल में वर्तमान में बांड में डा. अभिनय सिंह, कृतिका पाण्डेय एवं संविदा में डा. आनंद विश्वकर्मा डा. बेबी नाज की नियुक्ति की गई है।

### हरिभूमि की पडताल से खुला राज

24 अप्रैल को हरिभूमि की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया तो कई कमियां सामने आई वर्तमान में शादी ब्याह का मुहूर्त होने की वजह से एवं अत्यधिक गर्मी का मौसम होने के कारण अस्पताल में प्रतिदिन 20 से 25 मैरिज फूड प्वाइजनिंग के पहुंच रहे हैं साथ ही वायरल फीवर पेट दर्द लूज मोशन के भी मरीज पहुंच रहे हैं 10 से 12 साल के बच्चों को भी पेट दर्द की तकलीफ को लेकर परिजन पहुंच रहे हैं । अस्पताल के गेट के अंदर प्रवेश करते ही स्वान आराम करते नजर आया । डॉक्टर के कमरे के अंदर मरीजों की भीड़ लगी थी डॉक्टर को चारों तरफ से मरीज घेरे खड़े हुए थे। अस्पताल परिसर में जगह-जगह शराब की खाली बोतले एवं टूटी बोतले पड़ी हुई थी वहीं मेडिकल बेस्ट भी जगह-जगह बिखरे पड़े थे यहां तक कि उसे जला दिया गया था कुछ बचे हुए मेडिकल वेस्ट को मुंह को अपना निवाला बनते नजर आए। बीएमओ बिजुरी से आते हैं लेकिन वह भी कभी कभी ही आफिस मे बैठते हैं जिसके कारण पूरा अस्पताल अब व्यवस्थित है वर्तमान में हालात यह है कि कोतमा अस्पताल भगवान भरोसे संचालित हो रहा है । उसमें भी संविदा कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं।

### चिकित्सक विहीन आलीशान भवन

कोतमा तहसील में पूर्व में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा संचालित था। 4 वर्ष पूर्व कोठी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उन्नयन कर दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या 2, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या 7 तथा उप स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या 44 है। इलाज के नाम पर आलीशान भवन खड़े कर दिए गए लेकिन इन भवनों में चिकित्सकों और दूसरे स्टाफ की नियुक्ति नहीं हो पाई है। जिसकी वजह से करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित इन भवनों का लाभ बीमारों को नहीं मिल पा रहा है। 24 अप्रैल को हरिभूमि की टीम ने सुबह 12:58 पर जब हॉस्पिटल का भ्रमण करने पहुंची तो डॉक्टर के कमरे में डॉक्टर उपेंद्र शर्मा अपनी टेबल पर मरीज देखने में व्यस्त थे उनकी हालत यह थी कि चारों तरफ से मरीज उन्हें घेर कर खड़े हुए थे और वह लोगों का इलाज करने में व्यस्त थे। जानकारी लेने पर यह पता चला कि दिन के समय नियमित रूप से एक डॉक्टर ही मरीज को देखते हैं 12-12 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है। इसे देखकर वह कहावत याद आ गई की एक अनार और 100 बीमार।

### चारो तरफ गंदगी की भरमार

अस्पताल परिसर में जगह-जगह गंदगी बिक्री पड़ी थी बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगी हुई है जिसकी साफ- सफाई नहीं होने के कारण मच्छर भी पनपते हैं हालत यह है कि जब स्वयं अस्पताल बीमार है तो मरीज का उपचार कैसे किया जाएगा। अस्पताल का भ्रमण करने के दौरान बड़ा ही भयंकर नजारा देखने को मिला जब अस्पताल परिसर में बायोमेडिकल वेस्ट को जगह-जगह बिखरे पड़े थे कुछ जगह उन्हें आग लगा दिया गया था और कुछ जगह ढेर बना हुआ था जिसे मूक पशु अपना निवाला बना रहे थे । जबकि अस्पताल परिसर में ही तीन कमरे बनाए गए हैं जिसमें मेडिकल वेस्ट को प्लास्टिक के बोरी में भरकर रखा जाएगा और एक प्राइवेट वाहन उसे कलेक्ट करने आता है और लेकर जाता है लेकिन इससे साफ जिम्मेदारों की लापरवाही सामने देखने को मिली।

### जगह-जगह पड़े शराब के खाली बोतल

अस्पताल भवन के पीछे परिसर में जगह-जगह शराब की खाली बोतले एवं टूटी हुई बोतले बिखरी पड़ी थी साथ में नमकीन एवं प्लास्टिक के डिस्पोजल भी पड़े हुए थे। इससे यह साफ नजर आ अस्पताल भवन परिसर के पीछे अब शराब खोरी का अड्डा भी बन गया है। अस्पताल की अव्यवस्था को देखकर ऐसा लग रहा था कि यह अस्पताल भगवान भरोसे संचालित हो रहा है अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार में ही एक श्वान आराम करते नजर आया जिसकी तस्वीर भास्कर टीम ने कैमरें में कैद कर ली।

### एक चिकित्सक के भरोसे संचालित

वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की हालत यह है कि नियमित रूप से दो चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है जिसमें डॉक्टर आरके वर्मा एवं डॉक्टर उपेंद्र शर्मा लेकिन पूर्व में डॉक्टर आर के वर्मा को सीएमएचओ का प्रभार भी सौपा गया था और बाद में जिला कलेक्टर के द्वारा उन्हें बदल दिया गया लेकिन उनका अस्पताल में काफी दिनों से पता ही नहीं है जिसके कारण वर्तमान में नियमित रूप से पदस्थ डॉक्टर उपेंद्र शर्मा के ऊपर ही अस्पताल की जिम्मेदारी नजर आ रही है। बाकी व्यवस्था संविदा एवं हेरा फेरी के डॉक्टर से करवाई जा रही है ।

### किया गया था भूख हड़ताल

कुछ दिनों पहले अस्पताल में फैली अव्यवस्था डॉक्टर की कमी दवाओं का सही ढंग से वितरण नहीं किए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर पूर्व पार्षद देवशरण सिंह एवं नागरिकों के द्वारा आंदोलन करते हुए भूख हड़ताल भी किया गया था लेकिन उन्हें प्रशासन के द्वारा जबरन उठा दिया गया और यह कहा गया कि एक सप्ताह के अंदर अस्पताल की सभी व्यवस्थाएं सुधार दी जाएगी डॉक्टरों की कमी की पूर्ति शासन स्तर पर की जाएगी । लेकिन वर्तमान में अस्पताल की व्यवस्था पूरी तरह से चौपट नजर आ रही है ।

### नही मिलते बीएमओ

पूर्व में डॉक्टर आरके वर्मा को बीएमओ का प्रभार सौपा गया था लेकिन उन्हें जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की जिम्मेदारी सौंप दी गई थी जिसके कारण बीएमओ का प्रभार बिजुरी अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक मनोज सिंह को प्रभार सौपा गया है लेकिन उनके पास भी बिजुरी अस्पताल की जिम्मेदारी होने के कारण वह भी सही ढंग से खंड चिकित्सा कार्यालय में नहीं पहुंच पाते हैं जिसके कारण नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जब जिम्मेदारी समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाकी कर्मचारियों की स्थिति क्या होगी यह नजारा हरिभूमि की टीम ने 24 अप्रैल को सुबह 10:40 मिनट पर कमरे में एक तस्वीर कैद की जिसमें खंड चिकित्सा कार्यालय में ताला लटका हुआ था और लोग ऑफिस आते ताला लटका देखकर मायूस होकर वापस चले गए।

### इनको डॉक्टर का इंतजार

राजनगर और पसान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिकित्सक विहीन हैं। बेलिया बड़ी अस्पताल में डा. गणेश प्रजापति की नियुक्ति है। चिकित्सक डा. योगेश धनवार कोठी मे पदस्थ है। जिसकी वजह से व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निर्धारित मापदंड के अनुसार 15 चिकित्सक होने चाहिए। जिनमें विषय विशेषज्ञों के साथ ही 6 मेडिकल आफीसर भी शामिल हैं। कोठी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा दे दिया गया। वर्तमान में इस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सिर्फ एक चिकित्सक ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। नागरिकों ने मांग की है कि खंड चिकित्सा अधिकारी का प्रभार किसी दूसरे डॉक्टर को दिलवाते हुए अस्पताल की व्यवस्था में सुधार करवाया जाये।

### इनका कहना है

पूरे मामले को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा का निरीक्षण किया जाएगा साथ ही बीएमओ तथा डॉक्टर की बैठक भी ली जाएगी।

**डॉ.एससी राय**
**मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी**
**अनूपपुर**

## पहलग्राम हमले के विरोध में अनूपपुर विहिप-बजरंग दल का मशाल लेकर प्रदर्शन

**अनूपपुर।** पालनग्राम में निर्दोष निहत्थे नागरिकों पर हुए हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने सामतपुर चौराहे स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में मशाल जुलूस निकालकर विरोध दर्ज किया। कार्यक्रम में शहडोल संभाग की सांसद हिमाद्रि सिंह भी शामिल हुईं और उन्होंने घटना की कड़े शब्दों में निंदा की।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद मुर्दाबाद जैसे नारे लगाते हुए देश में बढ़ती आतंकी प्रवृत्तियों पर चिंता जताई। कार्यकर्ताओं ने मौन रखकर हमले में घायल निर्दोष व्यक्ति के प्रति संवेदना प्रकट की और दोषियों को शीघ्र सजा देने की मांग की। इस प्रकार की घटनाएं समाज को तोड़ने का प्रयास हैं, जिन्हें किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने शासन से मांग की कि आरोपियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई हो और पीड़ित परिवार को न्याय मिले। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में



विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

**शिव मारुति युवा संगठन के नेतृत्व में लोगों ने दी श्रद्धांजलि-** पहलगाम सामूहिक नर संहार के विरुद्ध लोगों में काफी गुस्सा है। शिव मारुति युवा संगठन ,बजरंग दल सर्व हिन्दू समाज अनूपपुर इकाई द्वारा आज शुक्रवार, 25 अप्रैल को सभी 26 मृतक पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।पहलगाम सामूहिक नर संहार के विरोध मे अनूपपुर जिला मुख्यालय मे शिव मारुति युवा संगठन, बजरंग दल और सर्व हिंदू समाज के नेतृत्व मे समाज के अलग अलग वर्ग के लोगों ने दिवंगत 26 हिन्दू भाईयों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महा कौशल प्रांत प्रवर्तन प्रमुख रोशन पुरी, शहडोल संसदीय क्षेत्र की लोकप्रिय सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह , अक्षय सिंह बजरंग दल, शिव मारुति युवा संगठन के अध्यक्ष बृजेश राठौर ,इसांक केसरवानी,सत्यम केशरवानी, सुशील राठौर, सूरज राठौर, प्रत्मेश केशरवानी आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे। लोगों ने भारत माता की जय , वन्दे मातरम्, पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद समाप्त हो के नारे लगाए। मशाल जलाकर, दीप प्रज्वलित कर ,पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया गया। रोशन पुरी ने बतलाया कि पहलगाम बर्बर नरसंहार के विरोध में मशाल जला कर , पाकिस्तान का पुतला दहन कर ,पुष्पांजलि अर्पित करके ,दीप जलाकर सभी खण्ड में आज एक साथ श्रद्धांजलि अर्पण के साथ आतंकवाद और पाकिस्तान के विरोध में नारे बाजी करके विरोध प्रदर्शन किया गया । इस अवसर पर एसडीओपी सुमित केरकेट्टा, नगर निरीक्षक अरविन्द जैन के साथ पुलिस बल शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिये मौके पर उपस्थित थे।

## दुकान व घर की दबिश में 37 कर्जदारों के कोरे चेक, शपथ पत्र, 6 बाइक समेत एक कार जप्त

# पुलिस की चंगुल में आया सूदखोर

**आपदा में अवसर ढूंढने वाला आरोपी सूदखोर पहुंचा हवालात**

अनूपपुर।






आर्थिक संकट के कारण सूदखोरी के कुचक्र में फंसकर बर्बाद हो रहे गरीब व जरूरतमंदों से ब्याज के नाम पर शोषण किया जाकर कर्ज दिये जाने के नाम पर उनसे उनकी मोटर सायकल, कार एवं सोना चांदी के जेवर गिरवी रखते हुए मूल रकम से कई गुना ब्याज वसूला वसूले जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस ने कर्ज के नाम पर सूदखोरी कर ब्याज वसूलकर शोषण किये जाने की शिकायतों पर वार्ड क्रमांक 14 चेतना नगर में संचािलत आरसीएम दुकान के संचालक सुरेश सिहं पंवार के दुकान एवं घर में दबिश देते हुए 37 पीड़ित कर्जदारों के कोरे चेक, कर्ज लिये जाने के संबंध में शपथ पत्र के साथ आरोपी के घर से कर्जदारो की खड़ी कराई गई 6 बाइक एवं 1 कार को जप्त किया गया है। जप्त रिकार्ड के अनुसार करीब 57 लाख 48 हजार की राशि ब्याज में आरोपी सूदखोर के द्वारा वसूली की जा चुकी है।

### यह है मामला

अनूपपुर में कई जरूरतमंदो को कर्ज के जाल में फंसाकर सूदखोरी कर ब्याज वसूलकर शोषण किये जाने की शिकायत शिवदास राठौर पिता तुलसीदास राठौर उम्र करीब 28 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 1 सामतपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक अनूपपुर से की गई। शिकायत में बताया गया कि आर्थिक तंगी के चलते मजबूरीवश उसने चेतना नगर स्थित आरसीएम दुकान के संचालक सुरेश सिहं पंवार से अक्टूबर 2022 में पचास हजार रूपये का कर्ज लिया था, जिसके बदले सुरेश सिंह पंवार ने कोरे चेकों पर हस्ताक्षर कराकर ले लिया था, अब तक उसने 95 हजारू रूपये देने के बाद भी सुरेश सिहं पंवार द्वारा मूलधन 50 हजारू रूपये बकाया होना कहकर डराया धमकाया जाता है और साथ में बैंक चेक को न्यायालय में लगाकर कोर्ट से नोटिस भी करा दिया है। जिसके बाद पुलिस ने सूदखोर सुरेश सिहं पंवार पिता जयकरण सिहं पंवार उम्र 52 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 14 चेतना नगर के खिलाफ धारा 420 भादवि. 3,4 म.प्र. ऋणियो का संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाकर मामले को विवेचना में लिया गया। वहीं दूसरे मामले में श्यामसुन्दर मिश्रा पिता स्व. शिवप्रसाद मिश्रा उम्र 48 वर्ष निवासी वार्ड 9 बाबा कालोनी अनूपपुर द्वारा थाना कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि कोरोना महामारी के समय आर्थिक तंगी के चलते वर्ष 2021 में आरसीएम दुकान के संचालक सुरेश सिहं पंवार से 5 लाख रूपये का कर्जा लेकर अपने बैंक के कोरे चेक रख दिये थे, जो अब तक 7 लाख 50 हजार रूपये व्याज देने के बाद भी सुरेश सिहं पंवार द्वारा मूलधन 5 लाख रूपये बकाया होना बताकर परेशान किया जा रहा है। उक्त रिपोर्ट पर भी पुलिस ने आरसीएम दुकान के संचालक सूदखोर सुरेश सिहं पंवार के खिलाफ धारा 318 (4) बी.एन.एस. एवं 3.4 म.प्र. ऋणियों का संरक्षण अधिनियम 1937 में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

### पुलिस अधीक्षक ने की अपील, निडर होकर करें शिकायत

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा गुरुवार की रात्रि थाना कोतवाली अनूपपुर पहुंचकर गिरफ्तार आरोपी सुरेश सिहं पंवार से स्वयं पूछताछ की गई। आरोपी सूदखोर ने कोरोना महामारी को आपदा का अवसर बनाकर अपना सूदखोरी का काम किया गया। जांच में पाया गया कि आरोपी द्वारा कोराना महामारी के समय कई लोगो का व्यापार एवं काम ठप्प हो जाने पर उनकी मजबूरी एवं परेशानियां का लाभ उठाकर दो गुना ब्याज दर पर लोगों को कर्जा दिया, जिसके बदले में उनकी बाइक, कार सहित सोना - चांदी के जेवर गिरवी रखवाया जाकर ब्याज वसूला जाने लगा, जप्त रिकार्ड के अनुसार लगभग 57 लाख 48 हजार की राशि ब्याज में आरोपी सूदखोर द्वारा अब तक वसूली जा चुकी है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि जो भी नागरिक इस तरह के कर्ज एवं ब्याज के जाल में फंसकर सूदखोरों से परेशान चल रहे हो वे अपनी परेशानी को बिना छिपाये सूदखोरो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही हेतु पुलिस की मदद लें।

# एक तरफ जल संवर्धन दूसरी तरफ ठेकेदार टंकी निर्माण में लगा रहे पलीता, आदिवासी क्षेत्र पुष्पराजगढ बना ठेकेदारों का चारागाह

### पानी के लिए पुष्पराजगढ़वासियों में मची त्राहि त्राहि

**राजेंद्रग्राम।** पुष्पराजगढ़ बाहुल्य आदिवासी अंचल में अरसों से सांसद विधायक बनते चले आ रहे है और हर चुनाव में घोषणा के ऊपर घोषणा करते अपना राजनीति रोटी सेकते आ रहे है। जहां आम जनता को बिजली पानी सड़क जैसे मुद्दों पर अरसों से चुनाव जीतते आए है किंतु आज तक पानी बिजली सड़क मुहैया नहीं करा पाए। और आम जनता पानी के लिए कोसों दूर चल कर अपनी प्यास बुझा रहे है। कुछ नेता तो सरकार नहीं है कि दुहाई देते नजर आ रहे है तो कुछ तो अपनी अर्कमण्डयता में चूर नजर आते है हां चुनाव के समय जरूर हाथ जोड़ने पैर टेकने क्षेत्र में चले जाते है वहीं नेताओं के नाक के नीचे करोड़ों की पानी टंकी निर्माण में घोटाला कर दिया गया पर नेता मौन बने हुए हैं।

**नल जल योजना पर ठेकेदारों का पलीता-** पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में पानी की संकट से निपटने के लिए सरकार गांव गांव में पानी सप्लाई के लिए योजना लागू किया की प्रत्येक घरों में आम जनमानस को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए इसके लिए सरकार ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के निगरानी में कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई ताकि विभाग के जिम्मेदार लोग निर्माण कार्य को सही वा गुणवत्ता युक्त कार्य करा कर समय सीमा में आम जनता को पानी की संकट से निजात दिल सके, किंतु वहीं सांसद व विधायक नाक के नीचे लाखों की टंकी घटिया वा गुणवत्ता विहीन तरीके से इन फर्मों के द्वारा ग्राम नगुला विचारपुर राजकिशोर तिवारी ख़मरोध चटुआ गणपति ट्रेडर्स कोहका घोटई मदन मोहन राजोरिया आल्हवार मेढ़ाखार उफरी राजकिशोर तिवारी धरम दास



राजकिशोर तिवारी मोहारी राजकिशोर तिवारी लेंढरा देवेंद्र सिंह इन फर्मों के द्वारा निर्माण कार्य कराया गया है।

**बिना कार्य पूर्ण किए पंचायत को जबरदस्ती किया जा रहा हैंडओवर-** कुछ सरपंच सचिव ने लिखित में शिकायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ को किया है कि टंकी ठेकेदारों के द्वारा जबरदस्ती हमे हस्ताक्षर करवा रहे है जबकि अभी ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रही है हमे ठेकेदारों के द्वारा धमकी दिया जा रहा है करना पड़ेगा आपको हैंड ओवर लो



बाकी कार्य हम बाद में करवा देंगे कहते हुए जबरदस्ती किया जा रहा है। प्रायः रूप से देखा जाए तो आज भी लोगों को पानी नहीं मिल रहा है ठेकेदार अपनी मोटी रकम कमा कर शासन के मंसूबे में पानी फेर दिया गया है, वही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग राजेन्द्रग्राम को जो मध्यप्रदेश सरकार को जिम्मेदारी सौंपी गई थी कि आपके निगरानी में निर्माण कार्य किया जाए किंतु विभाग ने भी ठेकेदारों के चाटुकारिता करते हुए लाखों करोड़ों रुपए की बहती गंगा में हाथ धो रही है। जबकि आज भी ग्राम अल्हावार की टंकी शुरू नहीं हुआ और लीकेज हो रही है किसी में मोटर नहीं किसी टंकी में स्टार्टर नहीं इसके बाद भी ठेकेदार दबंगई दिखाते हुए हैंड ओवर करने में लगे हुए है।

**लकड़ी के लगे खंभे-** इतना ही नहीं कुछ जगह लकड़ी के खंभे लगाकर मोटर कनेक्शन किया गया है जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है ठेकेदार सिर्फ खाना पूर्ति करने में जुटे हुए हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग चुप्पी साधे हुए हैं। क्या कलेक्टर आम जनता के लिए पानी की समस्याओं से निजात दिलाने में सार्थक कदम उठा पाएंगे जनपेक्षा है।

### इनका कहना है

हमारे निगरानी में निर्माण कार्य किया गया है यदि कही इस तरह की लापरवाही हुई होगी तो पुनः ठेकेदार से कार्य कराया जाएगा।

**दीपक साहू, एसडीओ**
**पीएचई विभाग, राजेंद्रग्राम**